प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 24.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के मधुबनी से देश की सभी पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम सभाओं को किया संबोधित, कहा– बदल रही है पंचायतों की तस्वीर।
- पहलगाम आतंकी हमले में मृत आइबी अधिकारी मनीष रंजन का पार्थिव शरीर पहुंचा रांची, एयरपोर्ट पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और सांसद प्रदीप वर्मा ने दी श्रद्धांजलि।
- राज्य में नहीं थम रहा पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ आक्रोश, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ युवाओं ने भी देश के लिए एकजुटता का दिया संदेश।
- डीजीपी अनुराग गुप्ता आज सार्वजनिक उपक्रमों से संबंधित कांडों की करेंगे समीक्षा, आईजी, डीआईजी और सभी जिलों के एसपी बैठक में होंगे शामिल।
- कोडरमा में कम दाम की किताबों को री–प्रिंट कर अधिक मूल्य पर बेचने के मामले का खुलासा, जिले के सबसे बड़े पुस्तक कारोबारी की दुकान और गोदाम प्रशासन ने किया सील।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर बिहार के मधुबनी से देश की सभी पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम सभाओं को संबोधित करेंगे। श्री मोदी ने अपने संबोधन से पहले पहलगाम आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया और मृत लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि देश में पंचायतों की तस्वीर बदल रही है। दो लाख से ज्यादा पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ा गया है। मौके पर श्री मोदी ने विशेष श्रेणी राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार–2025 भी प्रदान किये।

******************

पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृत मनीष रंजन का पार्थिव शरीर आज रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचा। मनीष रंजन मूल रूप से पश्चिम बंगाल के झालदा के रहने वाले थे। उन्होंने रांची में रहकर पढ़ाई पूरी की थी और तेलंगाना में पदस्थापित थे। एयरपोर्ट पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और सांसद प्रदीप वर्मा ने उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस अमानवीय घटना को जिन्होंने अंजाम दिया है उन्हें भारत सरकार माकूल जवाब देगी।

इधर भाजपा सांसद प्रदीप वर्मा ने भी घटना की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि केन्द्र सरकार पूरे मामले को लेकर गंभीर है।

******************

पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के खिलाफ राज्य में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। विभिन्न दलों के नेताओं के अलावा स्कूली छात्राओं ने भी इस घटना की निंदा की है। कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव ने कहा है कि यह घटना सुरक्षा में चूक का नतीजा है।

इधर, रांची में स्कूली छात्राओं ने कैंडल मार्च निकाल कर मृतकों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्राओं ने कहा कि पर्यटन स्थलों पर ऐसी हिंसक घटना से देश की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी। उन्होंने सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की।

******************

यूपीएससी परीक्षा में सफलता अर्जित कर राजकुमार महतो ने बोकारो जिले का नाम रौशन किया है। वे एक अखबार विक्रेता रामपद महतो के पुत्र हैं और उन्होंने तीसरी बार में यह सफलता अर्जित की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने कहा कि मेहनत सच्ची तो सफलता निश्चित मिलती है।

******************

डीजीपी अनुराग गुप्ता आज सार्वजनिक उपक्रम से संबंधित कांडों की समीक्षा करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम यह समीक्षा बैठक होगी, जिसमें जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी, जिले के एसपी और एटीएस एसपी शामिल होंगे।

******************


आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।


******************

कम दाम की किताबों को रि-प्रिंट कर उसे अधिक मूल्य पर बेचने के आरोप में कोडरमा जिले के शर्मा बुक सेंटर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गयी है। जिला प्रशासन ने संचालक के आवासीय परिसर में संचालित दुकान और गोदाम को सील कर दिया है। एसडीओ रिया सिंह ने बताया कि किताब के कुछ सैंपल इकट्ठा किये गये हैं, जिसे जांच के लिए भेजा जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

******************

दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड में बाल विकास परियोजना की दो महिला पर्यवेक्षिकाओं के लॉगिन आईडी से छेड़छाड़ करके मातृ वंदना योजना के 1 हजार 916 फर्जी लाभार्थियों के नाम अपडेट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में एसडीओ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

******************

पाकुड जिले में हर घर नल से जल पहुंचाने और जल को संरक्षित करने की योजनाओ का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

******************

घरेलू शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी आज मामूली गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स 227 अंक गिरकर 79 हजार 890 पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी गिरावट दर्ज की गयी और यह 24 हजार 266 पर आ गया।

******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 88 हजार 380 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तीन हजार रुपये प्रति किलो है।

******************

विश्व स्वास्थ्य संगठन का विश्व टीकाकरण सप्ताह 2025 आज से शुरू हो रहा है। सभी देशों में यह अभियान इस महीने की 30 तारीख तक चलेगा। विश्व टीकाकरण सप्ताह प्रत्येक वर्ष अप्रैल के अंतिम सप्ताह में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य टीकाकरण की जीवन रक्षक क्षमता को बढ़ावा देना है।

***************